Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- क्रय विक्रय सहकारी समिति ढंढार जिला झुंझुनूं में व्यवस्थापक महिपाल सिंह को 30,000/- रूपये रिश्वत लेते हुये पकड़ा गया।

जयपुर, 12 जनवरी, 2026 सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **महिपाल सिंह, ग्राम सेवा सहकारी समिति ढंढार में व्यवस्थापक** को **30,000/- रूपये** रिश्वत राशि लेते हुये पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने अपने पिता, ताउ आदि के मूंग एम.एस.पी. के तहत क्रय विक्रय सहकारी समिति ढंढार में विक्रय हेतु तुलवाये थे जिसमें व्यवस्थापक द्वारा प्रति क्विन्टल 300/- रुपये के हिसाब से रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा था। परिवादी ने अपने तथा अपने परिचितो के करीबन 100 क्विन्टल मूंग की तुलवाई क्रय विक्रय सहकारी समिति ढंढार में करवाई गई। इसके अलावा आरोपी द्वारा प्रति किसान शपथ पत्र के 5,000/- रुपये रिश्वत के अलग से मांग की गई । प्राप्त शिकायत पर दिनांक 05.01.2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया जिसमें आरोपी श्री महिपाल सिंह द्वारा तुलवाये गये मूंग के परिवादी से 30,000/- रुपये रिश्वत के की मांग करना पाया गया। रिश्वत मांग के अनुसरण में आज दिनांक 12.01.2026 को आरोपी श्री महिपाल व्यवस्थापक, क्रय विक्रय सहकारी समिति सूरजगढ जिला झुंझुनूं को परिवादी से 30,000/- रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिपाल सिंह, व्यवस्थापक से रिश्वत राशि 30,000/- रुपये उसकी पहनी हुई जैकेट से बरामद हो चुकी है। मौके पर अग्रीम कार्यवाही जारी है।

जिस पर ए.सी.बी. जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कयाल** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झुंझुनूं के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार पूनियाँ** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही जारी है।

ए.सी.बी. की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के एवं महानिरीक्षक श्री सत्येंद्र कुमार के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।